रजिस्ट्री सं० डी०ए० ल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5078] नई दिल्ली, बुधवार, दिसम्बर 26, 2018/पौष 5, 1940
No. 5078] NEW DELHI, WEDNESDAY, DECEMBER 26, 2018/PAUSHA 5, 1940

IndiaCode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 दिसम्बर, 2018

का.आ. 6319(अ).—प्रारूप अधिसूचना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2202 (अ), तारीख 31 मई, 2018 द्वारा भारत के राजपत्र असाधारण में प्रकाशित की गई थी जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनको उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर, आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किए गए थे;

और, उक्त प्रारूप अधिसूचना की राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 31 मई, 2018 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर सम्यक रूप से विचार किया गया था;

और, बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान राज्य के भरतपुर जिला में स्थित है जो क्षेत्र **204.16 वर्ग किलोमीटर** में फैला हुआ है और अभयारण्य भरतपुर से 45 किलोमीटर, फतेहपुर सिकरी से 76 किलोमीटर और धौलपुर जिला से 78 किलोमीटर में स्थित है;

और, अभयारण्य में शुष्क पर्णपाती वन है और महत्वपूर्ण वनस्पति में *अकाकिया केटेचु* (खैर), *अकाकिया सेनेगल* (कुमथा, सफेद खैर, खैरी), *एगले मार्मेलोस* (बील, बेल), *अल्बिज़िया लेबेक* (काला सिरस), *एनोगेसिस लैटिफोलिया* (धावाडा, सफेद धोंक), *एंथोसेफलस कैडम्बा* (कदम), *अज़ादिराचता इंडिका* (नीम), *एइलांथस एक्सेल*

(अरदु), *बालाइट्स एजिपटिका* (हिंगोटा), *बुटिया मोनोस्पर्मा* (*ढाक, छिला, पलाश, खाखरा*), *कैपरिस डेसिडुआ* (करिल, केर), *कैपरिस सेपियारिया* (हिंस), *डिन्ड्रोस्टैचिस सिनेरिया* (*गोया खैर*), *कॉर्डिया मैक्सा* (लसोडा), *कैसिया फिस्टुला* (अमलातास), *कॉर्डिया रोथि* (गोंडी, गुंडी), *डेलोनिक्स रेगिया* (गुलममोहर), *डिओस्पिरोस कॉर्डियाटा* (बीरबिडा), *एम्ब्लिका ऑफिसिनालिस* (अमला), *यूफोरबिया नेरिफोलिया लिनन* (डंडा थोर), *फिकस कॉर्डिफोलिया लिनन* (पारस पिपल), *फिकस ग्लोमेराटा इन.* (गुलर), *फिकस रेलिगिओसा लिनन.* (पीपल), *फिकस हिसपिडा* (गुलर), *होलोप्टेलिया इंटेग्रिफोलिया* (चुराले, पापदी), *इंगा डुलसीस* (जंगल जलेबी), *लनेया कोरोमंडेलिका* (गुर्जन), *मेलिया अजेदारैच* (बाकैन), *मिलिंग्टोनिया हॉर्टेंसिस* (नीमचमेली, आकाश नीम), *नायकटानथेस अरबोर ट्रिसटिस* (हर श्रृंगार), *फीनिक्स सायलवेस्ट्रीस* (खजूर), *प्रोसोपिस सिनेरारिया* (खेजादा, खेजादी), *प्रोसोपिस जुलीफ्लोरा* (विलायती बबूल), *यूकैलिप्टस एसपीपी* (सफेदा), *सायजिगियम कुमिनीली* (जामुन), *तामरिंडस इंडिका* (इमली), *तमरिक्स अफाइला* (फराश), *टेकोमेला अंडुलाटा* (रोहदा, रोहिदा), टर्मिनलिया अर्जुन (अर्जुन), *ज़िज़िफस मॉरीटियाना* (बेर), आदि शामिल है। जबकि *अबुटिलॉन ब्यूरेंटैटम रिचे* (पीथारी), *एन्थोस्पर्मम हिपिडम* (कांती), *अच्यंत्रेश एस्पेरा लिनन* (अंधिझरा, उपनारंग, उगा), *अधाटोडा वासिका* (एडुसा), *अर्वा स्यूडो टोमेंटोसा* (बुई), *अमरैंटस पॉलीगामस लिनन.* (जंगल चोलाई), *एंड्रोग्राफिस पैनिकुलाटा* (कालमेघ), *आर्गेमोन मेक्सिकाना लिनन.* (सत्यनशी, पीली काटेरी), *कैलोट्रोपिस प्रोसेरा आर.बीआर.* (आक, आंकदा), *सेंटेला एशियाटिका लिनन.* (ब्रह्मिनबुटी, ब्रह्मी), *कमेलिना बेंगलेंसिस लिनन* (बोक्रा/कानाधोंकना), *दतुरा स्ट्रैमोनियम* (धतुरा), *यूफोरबिया हिर्ता* (दुधी), *ग्रुविया टेनैक्स* (गैंगरेना, गंगान, चवेनी), *ग्रुविया विलासा वाइल्ड.* (बान फालसा), *हेलिसटेरेस इसोरा लिनन.* (मारोडफली), *इंडिगोफेरा होचस्टेटर* (बेकरीयो), *इंडिगोफेरा टिनक्टोरिया* (नील), इपोमेना कार्नेआ (विलायती आंकडा), *किरगेलिया रीटिकुलेट* (कामबोई), *लॉसनिया इनर्मिस लिनन.* (मेहंदी), *लेपिडागैथिस कुस्पीडेट* (अन्तेंट्री), *नेरियम इंडिकम* (लालकनेर), *ओसीम अमेरिकन लिनन* (बापची, नागदबापची, बंटुल्सी), *ओपंटिया डिलेंनी* (नागाफनी), *उर्जिनिया इंडिका कुंथ.* (कोलिकांडा, जंगली पयाज), *ऑक्सलिस कॉर्निकुलता लिनन.* (त्रिपति, खट्टी बुटी), *सिडा रोडिफोलिया लिनन.* (स्वेट बडेला), *थीस्पीस लैम्पास डेलोजो.* (वान कपास), ट्रैपा बिस्पिनोसा रोक्सब. (सिंघाडा), आदि है;

और, अभयारण्य से महत्वपूर्ण पवर्तरोही, जड़ी-बूटी और घास जैसे *कैपरिस ज़ेलेनिका लिनन.* (मोरेडा), *सिसामपेलोस पैरेइरा लिनन.* (पहदबेल, पहदमुल), *क्रिप्टोस्टेगेया ग्रैंडिफ्लोरा आर.बीआर.* (दुधि, मेधा), *ग्लोरियोसा सुपरबा लिनन.* (ग्लोरियोसा), *लुफा एकुटंगुला वार. अमारा क्लार्क.* (तुराई (कदवी), *मोमोर्डिका डाइओका रोक्सब.* (कंकोडा), *मुकुना प्रीटा (एल.) डीसी.* (कोंच), *टिनसपोरा कॉर्डिफोलिया माइर्स* (नीम गिलॉय), *ट्राइकोसेंथेस ब्रैक्टिएटा लैमक.* (कुंडल), *ज़िज़िफस ओनोप्लिया मिल.* (मकोह), *अरिस्टिडा हाइस्ट्रिक्स लिनन.* (लैनप्ला (सफेड), *अरुंडो डोनैक्स लिनन.* (नारकुल), *बोथ्रियोलोआ पेतुसा, कैमस.* (कराड, चोटी जर्गा), *सेनक्रस कैप्निस, लिनन.* (धामन), आंजन), *क्लोरीस इंफ्लेट* (कालीचडकाली), *क्लोरीस रोक्सबर्गिया* (बक्कली बीबाई), *क्राइसोपोगोन फुलवस* (गोरीया, सेदुआ, सिराण), *कुस्कटा रिफ्लेक्सिया रोक्सब.* (अमरबेल, आकाशबेल), *साइंबोपोगन मार्टिनी* (रोशा, रोजा घास), *साइपरस कॉमप्रेसस* (मोथा, नागर मोथा), *क्राइसोपोगोन फुलवस* (गोरीया), *देसोस्टाच्य बिपिन्नाटा लिनन* (दाब, कुश), *डिचेंथियम एनालैटम* (फोर्स्ट) स्टेफ. (कराड, जर्गा), *डिजीटरिया बायोर्निस* (बिन्करदा), *एरेग्रोस्टिला बिफरिया* (जोंडिली), *एरेमोपोगोन फव्वोलैटस* (बुहारी), *इम्पेराटा सिलेंडरिका, लिन.* (सिरू),

इस्लेज्मा लक्ष्मण, हैक. (गंधेल), *ऑरोपेटियम थॉमियम, लिनन.* (सुसाचुन्ति), *सेहिमा नकवोसम* (सिरान, सिन), *थेमेडो क्वाड्रॉर्विसविस, ओ. केट्ज़.* (रातरदा), *टैर्गस बिफोरस, रोक्सब.* (सीताघास), *सोरघम हेलपेंस* (बाद, बरदी), आदि अभिलिखित की गई है;

और, अभयारण्य में विविध जीवजन्तु के साथ वास है जिसमें *सुस स्क्रोफा क्रिस्टेटस* (भारतीय बनैला सूअर), *फ़ेलिस कैराकल* (कैराकल), *फ़ेलिस चॉस* (जंगली बिल्ली), *गैज़ेला गैज़ेल* (चिंकारा या इंडियन गैज़ेल), *एक्सिस एक्सिस* (चीतल या चित्तीदार हिरण), *वल्प्स बेंगलेंसिस* (भारतीय लोमड़ी), *बोसेलफस ट्रागोकामेलस* (ब्लू बुल निलगाई), *फेलिस बेंगलेंसिस* (बिल्ली-तेंदुआ), *लेपस निग्रिकोलिस डेनानम* (हेर डिजर्ट), *हेमीचिनस ऑरिटस* (हेजहोग लांग ईयर), *हैयना हैयना* (धारीदार हेयना), *कैनिस ऑरियस* (सियार), *प्रेस्बिटीस एंटेलस* (लंगुर-सामान्य), *हर्पेस्टेस एडवर्ड्स* (सामान्य नेवला), *मकाका मुल्ट्टा* (बंदर या रीसस मैकाक), *मैनीस क्रैसिकाडाटाटा* (भारतीय साही), *हाइस्ट्रिक्स इंडिका* (पोर्क्यूपिन-इंडियन), *मेलियोवोरा कैपेन्सिस* (रटेल या हनी बैजर), *सर्वस यूनिकोलर* (सांभर), *सनकस मुरिनस* (श्रेव ग्रे मस्क या मुस्क्राट), *कैनिस लुपस* (भेड़िया) आदि शामिल है। जबकि अभयारण्य में लुप्तप्राय प्रजाति इंडियन पांगोलिन (*मनीस क्रैसिकाडाटाटा*), संकटापन्न प्रजाति धारीदार हेयना (हैयना हैयना) पायी जाती है;

और, अभयारण्य में मुख्य पक्षी जीव *रिकूरविरोस्ट्रा एवोसेटा* (एवोकेट), *मेरप्स पर्सिकस* (ब्लू चिक्ड बी ईटर), *मेरोप्स लेस्चेनॉल्टिया* (चेस्टनट हेडेड बी ईटर), *मेरप्स ओरिएंटलिस* (स्मॉल ग्रीन बी ईटर), *कोरासिआस बेंगलेंसिस* (ब्लू जे इंडियन रोलर), *लुसिनिया सेवेसिका* (ब्लू थ्रोट), *हियरोकॉक्सीक्स वेरियस* (ब्रेन फिवर बर्ड), *पिकोनोटोटस कैफर* (बुलबुल रेड वेंटेड), *एम्बेरिज़ा मेलानसेफला* (बंटिंग ब्लैक हेडेड), *मेलोफस लाथमी* (क्रेस्टेड बंटिंग), *सैक्सिकोला टोरक्वटा* (बुशचैट कॉलरेड), *सैक्सिकोला कैपराटा* (बुशचैट पाइड), *बुस्टार्स्ट टीज़* (व्हाइट आइड बज़र्ड), *अरगीआ कौडेट. डमोंट* (कॉमन बाबलर), *फ़ुलिका एट्रा* (कुट), *मेगाइमा हेमसेफाला* (कॉपरस्मिथ बार्बेट), *फालाकोक्रोरैक्स कार्बो* (लार्ज कॉर्मोरेंट), *सेंट्रोपस सीनेन्सिस* (काउंसिल क्रो फिजेंट), *युडैमिनेस स्कोलोपैसियस* (कोयल), *कोरासिना मैजेज़ी* (लार्ज कोयल श्रीके), *अनिंगा मेलानोग्स्टर* (डार्टर या स्नेक बर्ड), *पॉडिसप्स रूफिकोलिस* (डैचिक या ग्रेबे लिटिल), *स्ट्रेप्टोपेलिया डेकाओक्टो* (लिटिल ब्राउन डोव), *स्ट्रेप्टोपेलिया चिनेंसिस* (डोव स्पॉटेड), *डिक्रूरस मैक्रोक्रस* (ड्रॉन्गो या किंग क्रो), *कैसाका फेरगिनिया* (बतख ब्राह्मण/रड्डी शेल्डक), *सर्किडियोरिस मेलेनोटोस* (डक कॉम्ब), *अनास पोसिलोरोरिंका* (स्पॉट-बिलड डक), *स्पाइज़ेटस सर्फैटस* (क्रेस्टेड हॉक ईगल), *बुबुलकस इबिस* (एगेट कैटल), *एग्रेट्टा इंटरमीडिया* (मेडियन एगरेट), *फाल्को जगर* (फाल्कन लैगर), *टेर्सिपोफोन पैराडाइस* (फ्लाईकैचर), *फ़िसिड्युला परवा* (फ्लाईकैचर रेड-ब्रेस्टेड), *रिपिड्युरा ऑरियोला* (फ्लाईकैचर व्हाइट टेल), *बुरिनस ओडेनिकमस* (कर्लेव स्टोन), *सर्कस मैक्रोरस* (पाल हैरियर), *आर्देया सिनेरेरिया* (हेरॉन ग्रे), *डेमी एग्रेट्टा आशा* (इंडियन रीफ हेरॉन), *निक्टिकोरैक्स नाइटिकोरैक्स* (हेरॉन नाइट), *आर्देओला ग्रेई.* (पॉण्ड हेरोन पैडी बर्ड), *आर्देआ पुरपुरेया* (हेरोन परपल), *कोरवस स्पलेंडेंस* (हाउस क्रो), *स्यूडिबिस पेपिलोसा* (इबिस ब्लैक), *थ्रेस्कीर्निस मेलानोसेफलस* (इबिस व्हाइट), *हाइड्रोफैसियनस चिरुगस* (जैकना फिजेंट टेलड), *कोरासिना मेलानोपटेरा* (जंगल क्रो), *गैलोपर्डिक्स स्पैडिसिया* (जंगल फाउल रेड स्पूर), *हैम्फेलिसन* (किंगफिशर ब्राउन), *हैल्सीन स्मरिनेन्सिस* (किंगफिशर व्हाइट ब्रेस्टेड), *हलीस्टुर इंडस* (काइट ब्राह्मणी), *मिल्वस माइग्रन्स* (कॉमन पैरियाह काइट), *लोबी वेनेलस इंडिकस* (लैपिंग रेड वाटटल), *गैलेरिडा क्रिस्टाटा* (क्रेस्टेड लार्क), *मिराफ्रा कैंटिलन्स* (सिंगिंग बुशलार्क),

हिरंडो कंसोलर (डस्की क्रैग मार्टिन), *स्टर्नस पागोदरम* (ब्राह्मणी मैना), एक्रिडोथेरेस ट्रिस्टिस (मैना सामान्य), *कैप्रिमल्गस एशियाटिकस* (कॉमन इंडियन नाइटजर), *अलाउडा गुलगुला* (ओरिएंटल स्काइलार्क), *ओरोलस ऑरियोलस* (ओरिओल गोल्डन), *ओरोलस एक्सेंथोरनस* (ब्लैक हेड ओरिओल), *बुबो कोरोमंडस* (डस्की हॉर्नड उल्लू), *बुबो बुबो* (आउल डस्की इंडियन ग्रेट हॉर्नेड), *फ्रैंकोलिनस फ्रैंकोलिनस* (पार्ट्रिज ब्लैक), *फ्रैंकोलिनस पांडिसेरियनस* (पार्ट्रिज ग्रे), *पावो क्रिस्टेटस* (कॉमन पिफौल), *कोलंबिया लाइविया* (ब्लू रॉक पिजन), *एंथस रिचर्ड* (पिटपिट इंडियन), *चाराड्रिअस डबियस* (रिंगेड प्लोवर लिटल रिंग प्लोवर), *पोर्फिरियो पोर्फिरियो* (परपल मुरहेन), *फीनिक्यूरस ओक्रुरोस* (रेड स्टार्ट), *सैक्सिकोलाइड्स फुलिकाटा लिनन.* (रॉबिन इंडियन), *कॉप्सिचस साउलेरिस* (रॉबिन मैग्पी), *स्टर्नस रोसेस* (रोसी पासटर या रोज़ी स्टार्लिंग), *ट्रिंगा ग्लैरोला* (सैंडपाइपर स्पॉटेड), *अस्टुर बैडियस* (शिकरा), *प्लाटालेला ल्यूकोरोडिया* (स्पूनबिल), *हिमंतोपस हेनटोपस* (स्टिल्ट ब्लैक-विंगेड), *लेप्टोपिलोस डबियस* (ग्रेटर एडजुटेंट), *एफिपियोरिंचस एशियनैटस* (स्टोर्क ब्लैक नेक्ड), *माइक्टेरिया लियूकोसेफाला* (स्टोर्क-पेंटेड), *सिकोनिया सिकोनिया* (स्टोर्क-व्हाइट), *डिसौरा एपिस्कोपस* (व्हाइट नेक्ड स्टोर्क), *बुरिनस ओडेनिकमस* (स्टोन कर्लेव), *सिन्नीरिस एशियाटिकस* (सनबर्ड परपल), *अपुस एफ़िनिस* (इंडियन हाउस स्विफ्ट), *ऑर्थोटॉमस सूटोरियस* (टेलरबर्ड), *अनास क्रेक्का* (कॉमन टील डक), *नेटटापस कोरोमंडेलियनस* (टील कॉटन), *पारस मेज़र* (ग्रे टिट), *डेंडरोकिटा वेगाबुंडा* (ट्री पाई), *सरकोगीप्स कैल्वस* (वल्चर किंग), *जिप्स बेंगलेंसिस* (वल्चर व्हाइट बैकड), *मोटासिला सिनेरेरा* (वाग्टेल ग्रे), *एमोरोरॉर्निस फोएनिक्यूरस* (वॉटर हे व्हाइट ब्रेस्टेड), *प्लोसस फिलिपिनस* (कॉमन वीवर बर्ड), *ज़ोस्टरॉप्स पैल्पेब्रोसस* (व्हाइट आई), *ब्रैचिपर्नस बेंगलेंसिस* (वुडपिकर गोल्डन), *डेंडरो कोपोस मैरटेन्सिस* (वुडपिकर येलो) आदि मौजूद हैं ;

और, बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाऐं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना और उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन और प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1) और उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान राज्य के जयपुर जिला में बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 25 मीटर से 1 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमाएं**.-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर **25 मीटर से 1 किलोमीटर** तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल **173.92 वर्ग किलोमीटर** है।

(2) बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** में दिया गया है।

(**3**) सीमा विवरण और अक्षांशों एवं देशांतरों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के संरक्षित क्षेत्र का मानचित्र **उपाबंध-II क, उपाबंध-II ख, उपाबंध-II ग, उपाबंध-II घ, उपाबंध-II ङ और उपाबंध-II च** के रुप में संलग्न है।

(4) बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांकों की सूची क्रमशः **उपाबंध III** के सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई हैं।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध IV** के रूप में संलग्न हैं।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.– (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति से जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए गए है के अनुसार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, के अनुरूप तैयार होगी।

(3) आंचलिक महायोजना, उक्त योजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय बातों को समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन;
(iii) शहरी विकास;
(iv) पर्यटन;
(v) नगरपालिका;
(vi) राजस्व;
(vii) कृषि;
(viii) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;
(ix) सिंचाई;
(x) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिकी अनुकूल हों का संवर्धन करेगी।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए प्रबंध होंगे।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान बागवानी क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों और मानचित्र के समर्थन के साथ भी सीमाकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के द्वारा समुचित विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं को ब्यौरे होगा।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगी और सारणी के पैरा 4 में सूचीबद्ध प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का अनुपालन करेगी और स्थानीय समुदायों के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास के लिए जीवकोपार्जन को सुरक्षित करने के लिए सुनिश्चित करेगी।

IndiaCode

(8) उक्त महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास को इस प्रकार विनियमित करेगी जिससे स्थानीय समुदायों की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल विकास को सुनिश्चित किया जाएगा।

(9) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कार्यों को करने के लिए निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग.-** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक या आवासीय प्रक्षेत्र या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, निगरानी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग भी हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुविधाओं सहायक पारिस्थितिकी पर्यटन में सम्मिलित गृह वास; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप पैरा 4 के अंतर्गत दिया गया है:

परंतु यह और भी कि क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और राज्य सरकार के अन्य नियमों और विनियमों के अंतर्गत और संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि, निगरानी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र और कृषि क्षेत्र में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी।

(ख) अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों.-** आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन**.- (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुसार आंचलिक महायोजना के लिए होगा ।

(ख) पर्यटन महायोजना राज्य पर्यटन विभाग द्वारा राज्य पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नये होटल और रिसोर्ट का निर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे:

परंतु, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक होटलों और रिसोर्ट का स्थापन केवल पूर्व परिनिश्चित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए ही अनुज्ञात होगा;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी पर्यटन पर जोर देते हुए केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा निगरानी समिति की सिफारिश पर सम्बद्ध विनियामक प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा और किसी नए होटल/रिसोर्ट या वाणिज्यिक स्थापनों के संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातो आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें संरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और उपक्षेत्रों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होंगी तथा ऐसी योजना आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 जैसा कि समय समय पर संशोधित किया जाय के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों और उसके अधीन बनाये गये नियमों जैसा कि समय समय पर संशोधित किया जाय के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और समय समय पर यथा निर्धारित उसके अधीन बनाए गए नियमों जैसा कि समय समय पर संशोधित किया जाय के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट**.- ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के तहत प्रकाशित के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ख) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(ग) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(घ) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं. सा. का. नि. 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा यथा संशोधित प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट**.- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन**.- परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण**.- वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी आदि के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां**.- (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

(ख) जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशा मार्गदर्शक सिद्धांन्तों में उद्योगो के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी और इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों का संवर्धन किया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों को संरक्षण**.- पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा समय समय पर यथा निर्धारित शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टीका-टिप्पणीयां (3)
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय तत्काल प्रभाव से निषिद्ध की जाती है। (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में प्रचालन होगा ।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में नए उद्योग लगाने और विद्यमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुज्ञा नहीं होगी। (ख) जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण

IndiaCode

		नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषण कुटीर उद्योगों की अनुज्ञा दी जाएगी और गैर प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जायेगा।
3.	बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रसंस्करण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या क्षेत्र भूमि में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	मत्स्य ग्रहण।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी जल निकायों में वाणिज्यिक मत्स्य गृहण पूर्णतया वर्जित होगा। तथापि, स्थानीय समुदाओं द्वारा अपनी वास्तविक जीविका की आवश्कताओं के लिए मत्स्य गृहण किया जा सकता है।
9.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
10.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार निरंतर बने रहेंगे : (ख) आरा मशीनों के लाइसेंस का नवीकरण उनके लाइसेंस की अवधि समाप्त् होने पर नहीं किया जाएगा।
ख.विनियमित क्रियाकलाप		
11.	वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों संबंधी लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक, इनमें जो भी निकट है, नए वाणिज्यिक होटल और विश्राम स्थलों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के आगे या उसके विस्तार तक, जो भी निकट हो के संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और यथा लागू दिशानिर्देशों के अनुरूप होगा।
12.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी भी प्रकार के नये वाणिज्यिक संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी: परंतु स्थानीय लोगों को अपनी आवास सम्बन्धी निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पैरा 3 के उप पैरा (1) में

		सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित अपने प्रयोग के लिए, अपनी भूमि में भवन उप-विधियों के अनुसार, संनिर्माण करने की अनुज्ञा होगी। (ख) गैर–प्रदूषणकारी लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित किए जाएंगे और वे न्यूनतम होंगे । (ग) एक किलोमीटर क्षेत्र से आगे ये आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
13.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगे ।
15.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
16.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे (भूमिगत केबल बिछाए जाने को प्रोत्साहित जाएगा)।
17.	नागरिक सुख सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम, विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नवीन सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम, विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ विनियमित होंगे।
19.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
20.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
21.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
22.	स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ दुग्ध उद्योग, दुग्ध उद्योग, कृषि और मछली पालन ।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे ।

23.	फर्मों, कंपनियों आदि द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित जल निकायों में बहिर्स्राव के अपशिष्ट जल निस्सारण से बचा जाएगा और उपचारित अपशिष्ट जल के पुन:चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे और अन्यथा लागू विधियों के अनुसार उपचारित बहिर्स्राव के पुनर्चक्रण/प्रवाह के निर्वहन को विनियमित किया जाएगा।
25.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से निगरानी की जाएगी।
27.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
29.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	वाणिज्यिक साइन बोर्ड और होर्डिंग्स ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
32.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
35.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और ईंधन का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय रुप से बढ़ावा दिया जाएगा।
37.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पारिस्थितिकी अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	निम्नीकृत भूमि या वन या का जीर्णोद्धार ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. निगरानी समिति.- केंद्रीय सरकार, अधिसूचना के प्रावधानों के प्रभावी निगरानी के लिए एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

क्र.सं.	निगरानी समिति का गठन	पद
1.	जिला कलक्टर, भरतपुर	अध्यक्ष;
2.	जिला कलक्टर, करौली का प्रतिनिधि	सदस्य;
3.	राजस्थान राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव या सदस्य	सदस्य;
4.	पुलिस अधीक्षक, भरतपुर	सदस्य;
5.	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहे गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
6.	मान्यता प्राप्त संस्थान या राज्य के विश्वविद्यालय से पारिस्थितिकी में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
7.	विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी- (i) लोक निर्माण विभाग; (ii) सिंचाई; (iii) पर्यटन और (iv) खनन	सदस्य;
8.	राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी	सदस्य;
9.	माननीय वन्यजीव वार्डन भरतपुर	सदस्य;
10.	वन (वन्यजीव), भरतपुर के उप संरक्षक	सदस्य-सचिव।

6. निर्देश–निबंधन:- (1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति के पुन: गठन तक के लिए होगा और बाद में निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उप-आयुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

IndiaCode

(6) निगरानी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध V** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. **अतिरिक्त उपाय.-** इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

8. उच्चतम न्यायालय का आदेश, आदि.- इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/56/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध-I

बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

- उत्तर : वन खण्ड नेहरोली खेरी डैंग, सूखा शिला और बंशी पहाड़पुर खण्ड
- दक्षिण : सूखा शिला, बंशी पहाड़ दरवाहना, कोट और वजना खण्ड की वन खण्ड सीमाएं
- पूर्व : वजना वन खण्ड की खण्ड सीमा
- पश्चिम : नहरोली, शाहपुर, दरवाहना और वजना वन खण्डों की वन खण्ड सीमाएं


पारिस्थितिकी संवेदी जोन के क्षेत्र के तीन (दक्षिण, पश्चिम और उत्तर) भागों पर वन्यजीव अभयारण्य की ऊपर दी गई सीमाएं एक किलोमीटर के अंतर्गत आती है, तथापि बंशी पहाड़पुर क और बंशी पहाड़पुर ख खण्डों के लिए पूर्वी भाग पर साथ ही साथ बंशी पहाड़पुर ख खण्ड की ओर सूखा शिला खण्ड का भाग है जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन की खण्ड सीमा से 25 मीटर चौड़ाई है। अभयारण्य के सम्पूर्ण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजस्व क्षेत्र पारिस्थितिकी संवेदी जोन है।

IndiaCode


उपाबंध- IIक

बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र

(i) भाग 1




(ii) भाग 2


Bandh Baretha Sanctuary
N
Legend
PA Boundary
ESZ Boundary (25 mtr.)


उपाबंध- IIख

बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र




उपाबंध- IIग

भारतीय सर्वेक्षण (एस ओ आई) की टोपोशीट पर बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी का मानचित्र




उपाबंध- IIघ

बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी का भूमि-उपयोग मानचित्र




उपाबंध- IIङ

बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी का जलनिकास मानचित्र



उपाबंध- IIच

प्रमुख अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के प्रमुख अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	देशांतर	अक्षांश
0	77° 29' 49.058" पू	26° 57' 24.991" उ
1.	77° 30' 2.831" पू	26° 56' 40.281" उ
2.	77° 30' 2.831" पू	26° 56' 40.281" उ
3.	77° 29' 9.866" पू	26° 56' 38.807" उ
4.	77° 28' 46.032" पू	26° 56' 37.636" उ
5.	77° 28' 34.082" पू	26° 56' 59.161" उ
6.	77° 29' 22.679" पू	26° 57' 27.800" उ
7.	77° 30' 12.488" पू	26° 55' 32.823" उ
8.	77° 29' 31.549" पू	26° 55' 2.417" उ
9.	77° 28' 48.729" पू	26° 54' 44.259" उ
10.	77° 27' 58.193" पू	26° 54' 49.484" उ
11.	77° 27' 40.833" पू	26° 55' 11.163" उ
12.	77° 28' 6.586" पू	26° 55' 33.166" उ
13.	77° 28' 51.979" पू	26° 55' 41.560" उ
14.	77° 29' 29.150" पू	26° 55' 43.358" उ
15.	77° 28' 23.567" पू	26° 53' 25.223" उ
16.	77° 26' 56.720" पू	26° 52' 30.748" उ
17.	77° 25' 53.923" पू	26° 51' 9.242" उ
18.	77° 26' 28.046" पू	26° 49' 1.690" उ
19.	77° 24' 53.902" पू	26° 48' 27.978" उ
20.	77° 22' 54.886" पू	26° 47' 2.874" उ
21.	77° 21' 22.284" पू	26° 46' 4.494" उ
22.	77° 21' 3.475" पू	26° 47' 15.208" उ
23.	77° 20' 5.770" पू	26° 48' 7.992" उ
24.	77° 18' 2.917" पू	26° 46' 48.850" उ
25.	77° 16' 35.904" पू	26° 48' 14.955" उ
26.	77° 15' 45.870" पू	26° 49' 21.440" उ
27.	77° 17' 4.923" पू	26° 51' 27.519" उ
28.	77° 18' 17.381" पू	26° 51' 33.166" उ
29.	77° 18' 17.921" पू	26° 55' 10.046" उ

IndiaCode

30.	77° 21' 29.703" पू	26° 50' 19.9076" उ
31.	77° 23' 27.569" पू	26° 50' 54.544" उ
32.	77° 24' 51.229" पू	26° 52' 18.312" उ
33.	77° 27' 7.512" पू	26° 52' 59.424" उ
34.	77° 25' 47.878" पू	26° 53' 8.104" उ
35.	77° 23' 44.802" पू	26° 52' 35.214" उ
36.	77° 22' 11.189" पू	26° 52' 50.289" उ
37.	77° 24' 53.491" पू	26° 54' 39.923" उ
38.	77° 26' 34.727" पू	26° 55' 13.498" उ
39.	77° 26' 28.277" पू	26° 48' 26.259" उ
40.	77° 26' 1.212" पू	26° 48' 1.180" उ
41.	77° 25' 20.406" पू	26° 47' 59.639" उ
42	77°25'20.475'' पू	26°44'33.356'' उ
43	77°28'54.272'' पू	26°45'38.629'' उ
44	77°26'54.335'' पू	26°44'29.626'' उ
45	77°23'9.376'' पू	26°42'25.891'' उ
46	77°20'57.986'' पू	26°43'44.169'' उ
47	77°22'11.262'' पू	26°45'42.631'' उ
48	77°23'41.877'' पू	26°47'9.687'' उ
49	77°22'32.409'' पू	26°54'19.642'' उ
50	77°20'25.665'' पू	26°52'49.166'' उ
51	77°18'42.189'' पू	26°52'25.896'' उ
52	77°20'24.829'' पू	26°53'23.797'' उ

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	देशांतर	अक्षांश
1	77°29'42.472'' पू	26°57'34.841''उ
2	77°30'1.676'' पू	26°57'17.596''उ
3	77°30'4.204'' पू	26°56'0.658''उ
4	77°29'24.271'' पू	26°56'30.030''उ
5	77°29'9.331'' पू	26°56'48.716''उ
6	77°28'22.095'' पू	26°56'40.509''उ

IndiaCode

7	77°29'2.722'' पू	26°57'20.438''उ
8	77°30'33.157''पू	26°55'47.160''उ
9	77°30'0.374''पू	26°55'16.684''उ
10	77°29'7.677''पू	26°54'51.539''उ
11	77°28'22.919''पू	26°54'37.527''उ
12	77°27'32.705''पू	26°54'54.277''उ
13	77°27'53.488''पू	26°55'26.070''उ
14	77°28'12.961''पू	26°55'36.009''उ
15	77°29'13.955''पू	26°55'36.722''उ
16	77°26'43.710''पू	26°55'46.377''उ
17	77°27'22.190''पू	26°54'39.717''उ
18	77°28'59.751''पू	26°53'24.296''उ
19	77°28'22.126''पू	26°52'37.307''उ
20	77°27'9.480''पू	26°51'39.990''उ
21	77°26'20.142''पू	26°50'27.208''उ
22	77°27'9.624''पू	26°49'4.872''उ
23	77°26'54.485''पू	26°47'49.998''उ
24	77°25'38.735''पू	26°47'30.294''उ
25	77°25'0.000''पू	26°46'3.057''उ
26	77°25'53.167''पू	26°45'1.101''उ
27	77°27'10.886''पू	26°46'2.520''उ
28	77°29'27.884''पू	26°45'19.205''उ
29	77°27'18.141''पू	26°43'59.502''उ
30	77°25'54.866''पू	26°42'58.740''उ
31	77°23'46.454''पू	26°42'16.479''उ
32	77°20'31.303''पू	26°42'19.083''उ
33	77°20'27.475''पू	26°44'2.482''उ
34	77°19'43.504''पू	26°46'7.480''उ
35	77°20'30.668''पू	26°47'38.743''उ
36	77°18'33.757''पू	26°46'30.357''उ
37	77°17'10.839''पू	26°46'27.244''उ

IndiaCode

38	77°16'2.237"पू	26°47'53.802"उ
39	77°14'49.077"पू	26°49'9.129"उ
40	77°14'48.526"पू	26°50'39.796"उ
41	77°15'43.076"पू	26°51'19.927"उ
42	77°16'55.321"पू	26°52'4.564"उ
43	77°18'30.442"पू	26°52'58.767"उ
44	77°19'46.369"पू	26°53'36.617"उ
45	77°21'5.907"पू	26°54'0.457"उ
46	77°23'1.890"पू	26°54'42.621"उ
47	77°24'27.154"पू	26°55'9.503"उ
48	77°25'27.934"पू	26°54'51.996"उ

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ बांध-बरेठा वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्षेत्र की सूची

क्र. सं.	ग्राम के नाम	देशांतर	अक्षांश
1.	सिरोन्द	77° 27' 56.537" पू	26° 55' 20.751" उ
2.	करनपुरा	77° 25' 13.294" पू	26° 54' 55.545" उ
3.	चुरारी डैंग	77° 26' 15.821" पू	26° 55' 31.624" उ
4.	बंसी	77° 28' 47.863" पू	26° 55' 5.347" उ
5.	बस्तरावाली	77° 23' 40.073" पू	26° 54' 40.864" उ
6.	सिंघारा	77° 19' 45.287" पू	26° 53' 26.937" उ
7.	गोथरा	77° 24' 4.128" पू	26° 55' 4.710" उ
8.	महमदपुरा	77° 22' 33.675" पू	26° 54' 35.292" उ
9.	पलीडैंग	77° 24' 34.943" पू	26° 54' 12.204" उ
10.	खोहरी	77° 28' 5.557" पू	26° 53' 55.634" उ
11.	दुमरिया	77° 25' 47.546" पू	26° 54' 7.508" उ
12.	बंगासपुरा	77° 21' 8.386" पू	26° 53' 57.599" उ
13.	सिंघानिया	77° 27' 17.639" पू	26° 53' 25.315" उ
14.	सूखा सीला	77° 22' 39.632" पू	26° 53' 20.584" उ
15.	चहाई	77° 18' 56.002" पू	26° 53' 11.611" उ

IndiaCode

16.	सुलनपुर	77° 20' 33.375" पू	26° 53' 32.541" उ
17.	तरबीजपुर	77° 26' 9.729" पू	26° 53' 7.211" उ
18.	शेरगढ़	77° 17' 43.464" पू	26° 52' 49.265" उ
19.	गुजनुआ	77° 24' 56.718" पू	26° 52' 35.478" उ
20.	खेरी डैंग	77° 20' 37.612" पू	26° 52' 35.153" उ
21.	थाना डैंग	77° 19' 15.464" पू	26° 52' 13.502" उ
22.	समरी	77° 24' 3.486" पू	26° 52' 13.330" उ
23.	मनगरेन कलान	77° 27' 2.892" पू	26° 52' 35.286" उ
24.	तुरतीपुरा	77° 22' 9.209" पू	26° 52' 5.071" उ
25.	बन कूकरा	77° 26' 9.096" पू	26° 52' 12.020" उ
26.	बुधावार	77° 23' 7.974" पू	26° 52' 0.883" उ
27.	सिकंदारा	77° 16' 57.955" पू	26° 51' 56.619" उ
28.	खुलावली	77° 21' 28.821" पू	26° 52' 10.535" उ
29.	पोपलपुरा	77° 21' 57.042" पू	26° 51' 46.187" उ
30.	नहरोली	77° 16' 22.523" पू	26° 51' 19.494" उ
31.	घुनैनी	77° 16' 22.523" पू	26° 51' 19.494" उ
32.	चैनपुरा	77° 20' 53.293" पू	26° 51' 19.054" उ
33.	तरसूमा	77° 24' 27.744" पू	26° 50' 58.381" उ
34.	शाहपुर	77° 18' 21.886" पू	26° 49' 6.346" उ
35.	दर बराहना	77° 22' 51.181" पू	26° 50' 16.804" उ
36.	धोरैरी	77° 14' 51.841" पू	26° 50' 9.592" उ
37.	पुराहरलेल	77° 15' 38.491" पू	26° 50' 30.721" उ
38.	शिओपुर	77° 19' 45.624 पू	26° 49' 18.066" उ
39.	गुरधा डैंग	77° 20' 59.464" पू	26° 49' 22.213" उ
40.	सिंघबैन डैंग	77° 20' 58.357" पू	26° 50' 37.187" उ
41.	बजना	77° 25' 30.971 पू	26° 48' 49.054" उ
42.	परुआ	77° 23' 19.195" पू	26° 48' 18.775" उ
43.	डंडा	77° 16' 22.979" पू	26° 48' 1333" उ
44.	झटोला	77 ° 14' 57.193" पू	26° 48' 57.541" उ

IndiaCode

45.	तिमकोली	77° 20' 21.033" पू	26° 46' 28.941" उ
46.	कोट	77° 22' 14.914" पू	26° 45' 28.055" उ
47.	कनी	77° 24' 53.267" पू	26° 47' 7.000" उ
48.	वनलापुरा	77° 17' 18.753" पू	26° 46' 44.407" उ
49.	सामन्तगढ़	77° 27' 8.916" पू	26° 45' 46.4485" उ
50.	जैसूरा	77° 24' 12.028" पू	26° 45' 14.832" उ
51.	बैसोरे	77° 24' 12.028" पू	26° 45' 14.832" उ
52.	कोटरा	77° 28' 55.656" पू	26° 44' 15.579" उ
53.	जमूरा	77° 20' 35.261" पू	26° 44' 44.488" उ
54.	चक सामन्तगढ़	77° 27' 0.940" पू	26° 44' 44.222" उ
55.	धौर	77° 27' 0.497" पू	26° 43' 33.886 उ
56.	सिंघरावली	77° 23' 20.143" पू	26° 43' 18.997" उ
57.	खानपुरा	77° 24' 48.106" पू	26° 42' 44.488" उ
58.	बंसराय	77° 23' 53.521" पू	26° 42' 36.135" उ
59.	नयापुरा राधोल	77° 21' 29.715" पू	26° 42' 4.159" उ
60.	बरमन	77° 22' 49.778" पू	26° 42' 7.236" उ
61.	महालपुर चूरा	77° 28' 54.515" पू	26° 56' 54.789" उ
62.	पहाड़पुर	77° 29' 41.116" पू	26° 56' 55.137" उ

IndiaCode

<u>उपाबंध</u>-V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन निगरानी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत्त : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए व्यवहार किए गए मामलों का सारांश । (पारिस्थितिकी संवेदी जोन-वार) ब्यौरे उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं ।

6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संवीक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किए जाएं ।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 26th December, 2018

S.O. 6319(E).—WHEREAS, a draft re-notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 2202 (E), dated the 31st May, 2018, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said draft notification were made available to the public on the the 31st May, 2018;

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification were duly considered;

AND WHEREAS, the Bandh-Baretha Wildlife Sanctuary, situated in Bharatpur District in the State of Rajasthan is spread over an area of **204.16 square kilometers** and the Sanctuary is located 45 kilometers from Bharatpur, 76 kilometers from Fatehpur Sikri and 78 kilometers from Dholpur District;

